कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री ओमप्रकाश मीना पुत्र श्री प्रहलाद मीना निवासी ग्राम पोस्ट लोटवाडा तहसील बैजूपाडा जिला दौसा राज0 303509

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बैजूपाडा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 60 / 2026

निर्णय

दिनांक 27.05.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बैजूपाडा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना / नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बैजूपाडा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल / सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बैजूपाडा को पत्र क्रमांक: डीएम / कोर्ट / 2026 / 1431 दिनांक 23.03.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बैजूपाडा की ओर से कोई जवाब / टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील मीमो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गइ सूचना प्रश्नात्मक एवं सृजनात्मक प्रकृति की होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत देय नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(डॉ.सौम्या झा)
जिला कलक्टर, दौसा